# मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी



रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से झारखंड विधानसभा के उनके कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि होगी।

# उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को ले सोशल मीडिया पर चला महाअभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन के लिए तीन मार्च से 10 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे। आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रदेश स्तर पर हैशटैग के साथ सोशल मीडिया महाअभियान चलाया गया। इस महाअभियान को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), कू आदि) पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर दोपहर एक बजे तक यह राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड करने लगा। एक्स पर चार हजार से अधिक पोस्ट किए गए। एक्स के अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम और 'कू' एप पर भी लोगों ने इस हैशटैग के साथ हजारों पोस्ट किए हैं।




**'एक्स' पर राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड हुआ, अन्य साइट्स पर भी हजारों पोस्ट किए गए**

**एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे अभिभावक :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए अभिभावक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्र और अभिभावक 10 मार्च तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर जमा कर सकते है।

**आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं उत्कृष्ट विद्यालय :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित उत्कृष्ट विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। ये विद्यालय स्मार्ट क्लास, खेलकूद एवं तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ विज्ञान विषय के लैब, पुस्तकालय, प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक, लैंग्वेज लैब समेत कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। इनमें सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। आधारभूत संरचना और सूचना प्रौद्योगिकी के मजबूत ढांचे से युक्त उत्कृष्ट विद्यालयों में 10 मार्च तक नामांकन को आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि स्नेहिल सह महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला कल से

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय नवाटोली पिठौरिया के तत्वावधान में 02 से 12 मार्च तक भव्य महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला सह शिव समर्पण अलौकिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोग एक छत के नीचे देश के 12 ज्योतिर्लिंग के प्रारूप का दर्शन एक साथ कर सकते है। 07 मार्च को विशेष समर्पण विवाह समारोह सह भंडारे का आयोजन होगा। इस भव्य महोत्सव के लिए संस्था कि सचालिका बीके राजमती ने कहा कि यह मेला निःशुल्क है। झारखंड के कोने-कोने से लोग इस महोत्सव में शामिल होने आ रहे है। उन्होंने कहा कि शिव की महिमा अपरंपार है। इस दस दिवसीय कार्यक्रम में आकर लोग भगवान शिव की भक्ति में स्वयं को रमाने का प्रयास करें। समारोह के आयोजन को लेकर भव्य तैयारी चल रही है। महोत्सव को सफल बनाने में अशोक उरांव, श्रीमती ऊर्मिला देवी, रवि रंजन मिश्रा, दिव्यज्ञान, सीताराम भगत, आशुतोष द्विवेदी, समाप्ति देवी, राजू पोद्दार, राजीव रंजन अपनी सेवा दे रहे हैं।



### आत्मा के जागरण से ही सच्ची सामाजिक क्रांति आएगी : ब्रह्माकुमारी बहन

**एचईसी कॉलोनी में आध्यात्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**रांची।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में गुरुवार को एचईसी कॉलोनी डीटी-4, जितेंद्र सिंह शर्मा रोड, धुर्वा में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। आध्यात्मिक कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा, शिव का स्मृति चिह्न शिवलिंग के रूप में सर्वत्र सर्व धर्मावलंबियों द्वारा मान्य है। शिव योगेश्वर हैं, शंकर योगमूर्ति हैं। आज कलियुग की महारात्रि चल रही है। इस समय आत्मा को ज्ञान से जाग्रत करना ही जागरण है। इस जागरण से ही सच्ची सामाजिक क्रांति आएगी और कलियुगी विश्व व्यवस्था परिवर्तित होकर दैवी निर्विकारी वास्तविक स्वराज्य की स्थापना होगी। इस अवसर पर पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि सत्कर्म की सत्य शिक्षा तो केवल परमात्मा सदाशिव भगवान ही देते हैं। विकारग्रस्त विश्व के अज्ञान अंधकार को मिटाकर शिव ही प्रकाशमय बनाते हैं। पार्षद वेद सिंह ने कहा कि ज्ञान सागर परमात्मा शिव से अमृत कलश प्राप्त करके अज्ञानता से ग्रस्त नर-नारियों को अमर पद दिलाने की ईश्वरीय सेवा करने के कारण भारत में शिव शक्तियों का गायन होता है। आज इसी बात को समझने और धारण करने की आवश्यकता है। मौके पर आशुतोष पांडे ने कहा कि भौतिक ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान को भी उचित स्थान दिया जाए। नैतिक मूल्यों की समाज में आवश्यकता के साथ-साथ मनोयोग व बुद्धियोग भी व्यक्तिगत जीवन में जरूरी है।

### डीएवी कपिलदेव कडरु के मैदान में गांधी शिल्प बाजार मेला आज से





**रांची।** सामाजिक संस्था छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी, (सीसीडीएस) रांची ने एक से तीन मार्च तक कडरु स्थित डीएवी कपिलदेव के मैदान में गांधी शिल्प बाजार का आयोजन करेगा। इसका आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, की सहायता से किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के हस्त शिल्पकार भाग ले रहे हैं। आयोजनकर्ता ने बताया कि इस मेले का मुख्य आकर्षण टेराकोटा, डोकरा, बांस-बेंत फर्नीचर, जूट से निर्मित वस्तुएं, लखनवी चिकन, शांतिनिकेतन का हस्तशिल्प, कारपेट, दरी, मेटल क्राफ्ट, पत्थर की मूर्तियां, ट्राइबल ज्वेलरी टेक्सटाइल, कसीदाकारी की हुई साड़िया एवं सलवार सूट तथा कुर्ता-पैजमा होंगे। मेले में विभिन्न प्रकार के सजावट के सामान, ड्राइ फ्लावर पेंटिंग इत्यादि भी उपलब्ध होंगे। इसमें लगभग 125 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। गांधी शिल्प बाजार के आयोजन से स्थानीय शिल्पियों को अपना उत्पाद विक्रय करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। बताया गया कि मेले का उद्घाटन जयनंदू, पूर्व अध्यक्ष, राज्य खादी बोर्ड, झारखंड करेंगे। समारोह में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक पुष्प राजन, सीटीओ भवानी प्रसाद तथा एचपीओ वीर भारत मरांडी संस्था के सचिव बी चौधरी, सीईओ अरिंदम चौधरी तथा मुख्य लेखापाल अब्दुल मसिर अंसारी मेला में उपस्थित रहेंगे ।

### जेवीएम श्यामली में कक्षा 11वीं की प्रवेश परीक्षा 16 व 31 मार्च को

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली, रांची ने शैक्षणिक सत्र (2024-25) के लिए कक्षा 11वीं के विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल प्रबंधन बताया कि पंजीयन शुल्क दो हजार रुपये के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से 14 मार्च 2024 तक भरा जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र भरने के उपरांत ही छात्र एडमिट कार्ड डाउनलोड कर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। सीबीएसई बोर्ड से 10वीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 मार्च (शनिवार) को होगी। आईसीएसई व अन्य बोर्ड से 10वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 31 मार्च (रविवार) को होगी।

### इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज से

**रांची।** इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन शुक्रवार से मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। ट्रेड फेयर आगामी 11 मार्च तक चलेगा। आगंतुकों के लिए दिन में 11 बजे से रात 9 बजे तक फेयर खुला रहेगा। ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चैंबर भवन में संपन्न हुई प्रेस वार्ता में जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने बताया कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है। उन्होंने बताया कि फेयर में लगभग 375 स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। फेयर में थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, तुर्किए, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। कहा कि झारखंड चैंबर, बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांचीवासियों ने खूब सराहा है। शहरवासियों के सामने प्रत्येक वर्ष नई चीजों को लाने की हमारी कोशिश रहती है। तुर्किए के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साडी, ईरान की हनी और सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर के मुख्य आकर्षण हैं। ट्रेड फेयर के माध्यम से हमारा प्रयास है कि प्रत्येक देश की विशेषता को झारखंडवासियों के सामने आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने ट्रेड फेयर में सहयोग के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि ट्रेड फेयर में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम और टूरिज्म विभाग द्वारा स्टॉल्स में भरपूर सहयोग देकर हमें प्रोत्साहित किया जा रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि यह प्रयास केवल ट्रेड फेयर नहीं, वरन राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है। अंतरराष्ट्रीय देश के स्टॉलधारकों के आने से स्थानीय व्यापारियों-उद्यमियों के विचारों का आदान-प्रदान संभव होगा और इससे व्यापार-उद्योग की संभावनाएं बनेंगी।




## एक नजर

### दशम फॉल थाना प्रभारी बने प्रशांत गौरव

**रांची।** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दो इंस्पेक्टरों को पोस्टिंग दी है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित प्रशांत गौरव को दशम फॉल का थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही, मांडर थाना में पदस्थापित कृष्ण कुमार तिवारी को पुंदाग ओपी प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार को एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है।

### कार का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपये ले उड़े अपराधी

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक के पास कार का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपये से भरा बैग लेकर अपराधी फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है। डोरंडा के जैप से सेवानिवृत्त जवान हर्क बहादुर तमांग ने राजेंद्र चौक के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पांच लाख रुपये निकाल कर अपनी कार में रखा था।थोड़ी देर बाद बाहर निकले, तो देखा कार का शीशा टूटा है। कार से पांच लाख रुपयों से भरा बैग गायब था। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### आरपीएफ हटिया ने ट्रेन से बरामद की शराब, एक गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हटिया ने ऑपरेशन सतर्क के तहत 22 शराब की बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान के क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत यह कार्रवाई की गयी है। बताया गया कि आरपीएफ पोस्ट हटिया और आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने ट्रेन संख्या 18624 (हटिया इस्लामपुर) की बोगी संख्या बी-5 में एक व्यक्ति को भारी भरकम तीन बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में देखा।

### रिम्स में रीढ़ की हड्डी दोष पर कार्यशाला तीन को

रांची। रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से 3 मार्च को सतत चिकित्सा शिक्षा के तहत जन्म दोषों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्पाइना बिफिडा पर चर्चा होगी, यह रीढ़ की हड्डी का एक जन्मजात दोष है। स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी में कहीं भी हो सकता है और आमतौर पर बच्चे के जन्म के समय उसकी पीठ में छेद के रूप में देखा जाता है। भारत में जन्म लेने वाले प्रत्येक 1000 बच्चों में से चार को स्पाइना बिफिडा होता है। इस सामान्य जन्म दोष के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिशु रोग, प्रसूति, शिशु शल्य, भ्रूण औषधि और हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित फिजियोथेरेपिस्ट अपनी राय प्रस्तुत करेंगे। इसके पूर्व शनिवार 2 मार्च को रिम्स शिशु शल्य विभाग के अपीडी काम्प्लेक्स में स्पाइना बिफिडा से ग्रसित मरीजों के लिए रोगी के पहुंच से परे कार्यक्रम का आयोजन होना है।

# कहां गये बंद एनसीएलपी प्रोजेक्ट के 12500 बाल मजदूर ?

**अमित कुमार। रांची**

मजदूरी करने वाले, कचरा चुनने वाले बच्चे जिन्हें शिक्षा से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। उन बच्चों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय बाल मजदूरी कार्यक्रम 1988 में शुरू किया गया था। इसके तहत झारखंड में कुल 12500 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया था । प्रोजेक्ट 2021 में समाप्त हो गया। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर 12500 बच्चे कहां गए ? श्रम विभाग के अनुसार उन सभी बच्चों को शिक्षा विभाग को सौंप दिया गया। लेकिन इसकी कोई रिपोर्ट जारी नहीं हुई । इसके लिए झारखंड में 50 बच्चों की क्षमता वाले 250 स्कूल खोले गये थे। इसके प्रोजेक्ट के लिए करोड़ों रुपये की राशि का प्रावधान केंद्र सरकार ने किया था । शिक्षक और ट्रेनर, पानी, बेंच सहित सभी सुविधाएं दी जाती थीं । आज वे बच्चे कहां हैं और उनकी क्या स्थिति है किसी को पता नहीं क्योंकि आज शहर में वैसे बच्चों की संख्या काफी बढ़ गई है, जो कचरा चुनने के साथ नशा कर रहे हैं। एक साल में फील्ड ऑफिसर, क्लर्क, जिला शिक्षा पदाधिकारी, ड्राइवर हेल्पर मिला कर चार लाख 62000 खर्च करना था जिसमें 5000 डॉक्टर को तथा मास्टर ट्रेनर को 5000 प्रत्येक महीना दिए जाते थे । इसके अलावा अन्य खर्च ऑफिस सहयोग के लिए 350000 एक बार में दिया जाता था जिसमें वहां और फर्नीचर भी शामिल है।



**राजेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त सह निदेशक**

2021 में केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है। प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य रेस्क्यू किए हुए बच्चे को स्पेशल ट्रेनिंग देकर बीजिंग कोर्स कराना और उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास था। योजना बंद होने से पूर्व सभी बच्चों को उनके नजदीकी स्कूलों में एनरोल कर दिया गया था। क्योंकि शिक्षा विभाग के समानांतर कोई और शिक्षा व्यवस्था संभव नहीं थी।

**किरण पासी, राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना**

शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सभी को निशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। नेशनल चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट के तहत कितने बच्चे शिक्षा विभाग को सौंपे गए यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता क्योंकि शिक्षा विभाग के पास ओवर ऑल आंकड़ा मौजूद होता है।

### जेएसएससी सचिव से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) सचिव सुधीर कुमार गुप्ता से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। आमिर हाशमी ने मीडिया को बताया कि वे जेएसएससी सचिव से मिले और कहा कि छात्रहित में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की 5 मांगें हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल से ही लंबित हैं। उन्होंने जेएसएससी सचिव से कहा कि छात्रहित को देखते हुए मामले को जल्द संज्ञान में लिया जाए और शीघ्र जेएसएससी सीजीएल अभ्यर्थियों के लिए फ्रेश परीक्षा आयोजित करवाई जाए। साथ ही, जेएसएससी पीजीटी, आईटीआई अभ्यर्थियों का रिजल्ट प्रकाशित करवाया जाए, ताकि आचार संहिता लागू होने से पहले बहाली प्रक्रिया शुरू हो सके और नियुक्ति हो सके। मौके पर प्रदेश सचिव रोहित पांडे, कार्याध्यक्ष अमन अहमद, सिद्धार्थ राज आदि छात्रनेता मौजूद थे।

# प्लास्टिक सर्जन एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन जमशेदपुर में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ जमशेदपुर।** उद्योगनगरी जमशेदपुर के गोलमुरी क्लब में गुरुवार को बिहार झारखंड प्लास्टिक सर्जन एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ वीएसपी सिन्हा का रांची से आए प्लास्टिक सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ राज कुमार पाठक, डॉ विक्रांत रंजन एवं डॉ तन्मय प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक में एसोसिएशन के बिहार-झारखंड के वार्षिक अधिवेशन को जमशेदपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें बिहार एवं झारखंड के सभी प्लास्टिक सर्जनों के अलावा देश-विदेश के भी प्लास्टिक सर्जन भाग लेंगे। साथ ही, आज की बैठक में जेएससीए स्टेडियम रांची में आयोजित नेशनल एकेडमी ऑफ बर्न के राष्ट्रीय अधिवेशन की समीक्षा की गई। डॉ अनंत सिन्हा को उसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई। आज की बैठक में जले रोगियों को उत्कृष्ट चिकित्सा देने के लिए भी चर्चा की गई। आगंतुकों का स्वागत आज की बैठक के आयोजक डॉ ललित मिंज एवं डॉ जयंत लेंका ने किया।

# पारस अस्पताल में हुआ बिकरस्टाफ एंसेफलाइटिस का सफल इलाज

**2 करोड़ लोगों में एक को होती है दुर्लभ बीमारी बिकरस्टाफ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पारस एचईसी अस्पताल में दुर्लभ बीमारी बिकरस्टाफ एंसेफलाइटिस का सफल इलाज किया गया है। पारस अस्पताल के डॉ संजीव कुमार शर्मा (सलाहकार न्यूरोलॉजी) ने बताया कि एक 13 वर्षीया किशोरी शारीरिक असंतुलन का शिकार हो गई थी। वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थी और पिछले 5-6 दिनों से वह काफी असहज महसूस कर रही थी। डॉ संजीव ने बताया कि उसे अपनी दोनों आंखों से देखने में भी परेशानी हो रही थी। वह इतनी लाचार हो चुकी थी कि दो लोगों के सहारे भी खड़ी नहीं हो पा रही थी। तब किशोरी के परिजनों ने उसे उसी अवस्था में रांची के पारस एचईसी अस्पताल में आपातकालीन स्थिति में भर्ती कराया था। मरीज की स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उसे न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।



डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने आपातकालीन स्थिति में मरीज को देखा और उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। मरीज की जांच करने के बाद डॉ संजीव ने बिकरस्टाफ एंसेफलाइटिस डायग्नोस किया, जो काफी रेयर बीमारी है। पारस एचईसी अस्पताल में बिकरस्टाफ के आधार पर मरीज को 15 दिनों तक उपचार मिला। इसके बाद मरीज में काफी सुधार हुआ। अब वह सामान्य जीवन जी रही है। डॉक्टर संजीव ने बताया कि बिकरस्टाफ एंसेफलाइटिस बीमारी का मूल लक्षण आंखो को न घुमा पाना, पूरे शरीर का असंतूलित होना और ठीक से बात ना कर पाना होता है। इसमें एमआरआई 70 प्रतिशत लोगो में नॉर्मल आता है। इसमें रीढ़ के पानी की जांच होती है। इम्युन एंटीबॉडी का सैंपल भेजा जाता है। साथ ही, इंफेक्शंस को भी रोलआउट किया जाता है। यह बीमारी दुलर्भ बीमारी है, जो 2 करोड़ लोगों में एक को ही होता है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि मरीज काफी लाचार स्थिति में अस्पताल आई थी और उसका सफल इलाज हुआ।

# जन्म दोषों के अवलोकन पर कार्यक्रम 3 मार्च को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से तीन मार्च को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के तहत जन्म दोषों के अवलोकन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्पाइना बिफिडा पर केंद्रित चर्चा होगी। स्पाइना बिफिडा जन्म दोष के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस सीएमई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शिशु रोग, प्रसूति, शिशु शल्य, भ्रूण औषधि और हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित फिजियोथेरेपिस्ट अपनी राय प्रस्तुत करेंगे। इसके पूर्व दो मार्च को रिम्स शिशु शल्य विभाग के ओपीडी कांप्लेक्स में स्पाइना बिफिडा से ग्रसित मरीजों के लिए रोगी आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसमें लीलावती अस्पताल, मुंबई के चिकित्सक और स्पाइना बिफिडा विशेषज्ञ डॉ संतोष करमाकर द्वारा ऐसे बच्चों का निःशुल्क मूल्यांकन किया जाएगा और उनके आगे के प्रबंधन और पुनर्वास के संबंध में परामर्श दिया जाएगा। इसमें वैसे बच्चे जिनकी रीढ़ की हड्डी अथवा सिर पर मांस का गोला, घाव, सिर का बड़ा होना, पानी भर जाने के साथ मल-मूत्र कमजोरी, सीधा खड़े होने या चलने में समस्या इत्यादि बीमारी है।

### क्या है स्पाइना बिफिडा

स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी का एक जन्मजात दोष है। यह एक प्रकार का न्यूरल ट्यूब दोष है। यह ट्यूब भ्रूण की एक संरचना होती है, जो शिशु के मस्तिष्क और मेरुदंड के रूप विकसित होती है। यदि न्यूरल ट्यूब पूरी तरह से बंद न हो, तो स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी में कहीं भी हो सकता है और आमतौर पर बच्चे के जन्म के समय उसकी पीठ में छेद के रूप में देखा जाता है। भारत में जन्म लेने वाले प्रत्येक 1000 बच्चों में से चार को स्पाइना बिफिडा होता है।

## इक्फाई विश्वविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# समस्या के समाधान की संभावना 0-1 के बीच : डॉ सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को स्वीकार करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन पूरे उत्साह तथा रोमांचक तरीके के साथ कर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। मौके पर विश्वविद्यालय में भव्य अंतरराज्यीय हैकथॉन, कंप्यूटेशनल क्विज, निबंध लेखन और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन और उद्घाटन विगत 27 फरवरी को किया गया था। इसमें झारखंड के विभिन्न संस्थानों जैसे बीआईटी मेसरा (लालपुर), आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय एवं इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड सहित दस टीमों ने भाग लिया था। बीआईटी मेसरा (लालपुर), की 'टीच वल्चर्स' टीम पहले स्थान पर रही और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। सरला बिरला यूनिवर्सिटी की 'रेएलयू' टीम दूसरे स्थान पर रही और 3000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड की 'जाम्बोट' टीम तीसरे स्थान पर रही और 2000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इसके अलावा कई और छात्रों ने क्विज, विज्ञान प्रदर्शनी और निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) रणजीत सिंह, पूर्व कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय, ने 'कैसे विज्ञान वर्तमान पीढ़ी का अनिवार्य हिस्सा बन गया है' को खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं गैर-वैज्ञानिक किसी भी समस्या का समाधान खोजने की संभावना शून्य और एक के बीच होती है, न कि शून्य से नीचे । इसके अतिरिक्त, उन्होंने छात्रों को समुदाय और राष्ट्र की सेवा के लिए जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। हैकथॉन के महत्व को समझाते हुए, प्रो (डॉ) निधि, आईईईई, रांची, झारखंड ने कहा, है कथॉन नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे सामने आने वाली जटिल चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण साबित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा और सुरक्षा डोमेन एक अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्र है, जहां निर्णायक अनगिनत समाधान की आवश्यकता होती है, और यह नवाचार और सहयोग की मांग करता है। इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य सीवी रमन के योगदान को पहचानना है। रमन, एक प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी थे, जिन्हें 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए जाना जाता है। भौतिकी में अपने व्यापक अनुभव (30 वर्षों से अधिक) में, उन्होंने इस बात की शानदार व्याख्या की कि वर्ष 2050 में जब 'क्वांटम भौतिकी' बदल जाएगी, तो जीवन कैसे बदल जाएगा।



